PRINT

# जगमार्ग


| Regional News Paper | Edition : Karnal (Haryana) | Circulation: 25000 |
|---|---|---|
| दिनांक (Dated): 25.09.2025 | पृष्ठ सं . (Page No.) - | क्रम सं . (Serial No.) 07 |

जग मार्ग

हरियाणा

# सीआईएसएफ ने 74वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर 2025 में जीता शीर्ष सम्मान

## मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की व विजेताओं को किया सम्मानित



जगमार्ग न्यूज़

करनाल। सीआईएसएफ ने एक बार फिर अपनी खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन, करनाल में आयोजित 74वीं अखिल भारतीय पुलिस रेसलिंग क्लस्टर में ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

देश की श्रेष्ठ पुलिस एवं अर्धसैनिक खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले में सीआईएसएफ टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और ग्रीको-रोमन (पुरुष) में प्रथम स्थान, फ्रीस्टाइल (पुरुष) में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि फ्रीस्टाइल (महिला) और वीमेन्स (महिला) में रनर-अप रही। इस शानदार उपलब्धि में व्यक्तिगत स्तर पर भी खिलाड़ियों ने अद्वितीय प्रदर्शन किया। महिला 59 कि.ग्रा. वर्ग में रेखा ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। वहीं पुरुष 55-60 कि.ग्रा. वर्ग में हर्ष ने 5-0 की एकतरफा जीत दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। ये असाधारण सफलताएं एक बार फिर सीआईएसएफ खिलाड़ियों की ताकत, अनुशासन और खेल कौशल का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं। यह चैंपियनशिप पूरे देश से आए पुलिस और अर्धसैनिक बलों के बीच मित्रता और खेल भावना के उत्साह को भी प्रदर्शित करती है। समापन समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना की तथा विजेताओं को उनके समापन पर सम्मानित किया। यह उल्लेखनीय प्रदर्शन सीआईएसएफ के लिए गौरव का विषय है और खेल के क्षेत्र में बल की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रमाण है। सीआईएसएफ के पहलवानों, प्रशिक्षकों और संपूर्ण दल को इस प्रतिष्ठित क्लस्टर की ओवरऑल चैंपियनशिप जीतने पर हार्दिक बधाई।

## सीआईएसएफ वार्डस् के मेधावी छात्रों को 1.25 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति राशि वितरित

नई दिल्ली। अपने कर्मियों के कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने डीजी मेरिट छात्रवृत्ति योजना में एक बड़े सुधार को मंजूरी दी है, जिससे शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के सभी वार्ड्स (बच्चों) को इसका लाभ मिलेगा। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए, नए मानदंडों के तहत कुल 567 छात्र लाभान्वित हुए हैं। कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के सभी वार्ड्स को छात्रवृत्ति के दायरे में लाया गया है। बल ने प्रति वर्ष केवल 150 वार्ड्स को छात्रवृत्ति देने की पहले की सीमा को समाप्त कर दिया है। नए नियमों के साथ, ऐसे सभी मेधावी छात्रों को अब समान रूप से पुरस्कृत किया जाएगा, जिससे उनके मन से प्रतिस्पर्धा की भावना दूर होगी और उन्हें उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आवश्यक प्रेरणा मिलेगी। पहली बार, सीआईएसएफ कर्मियों के वार्ड्स में से मेधावी खेल उपलब्धि हासिल करने वालों को महानिदेशक की मेरिट छात्रवृत्ति के तहत मान्यता दी गई है। इस वर्ष कुल पांच उपलब्धि हासिल करने वालों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। नए मानदंडों के तहत सीआईएसएफ के उन बहादुर कर्मियों के वार्ड्स को भी सहायता प्रदान की है, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उनके बलिदान को मान्यता देते हुए, उनके वार्ड्स के लिए छात्रवृत्ति राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। इस वर्ष ऐसे 8 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। प्रणाली को और अधिक सुलभ बनाने के लिए, पूरी आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया को अब डिजिटल कर दिया गया है। ऑनलाइन प्रणाली द्वारा सुगम उपयोग और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, साथ ही दूरस्थ स्थानों पर रहने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के वार्ड्स को बिना किसी कठिनाई के आवेदन करने में सक्षम बनाती है। अब आवेदनों का समयबद्ध तरीके से निपटान किया जाता है, जिससे देरी कम होती है और यह सुनिश्चित होता है कि लाभार्थियों को उनके अधिकार सीधे उनके खातों में प्राप्त हों। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए, महानिदेशक की योग्यता छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कुल 1.26 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।